**विधान सभा सचिवालय**
**मध्य प्रदेश**
**समाचार**

**अपने स्वाभिमान को अहंकार में परिवर्तित न होने देने का संकल्प लें प्रशासनिक अधिकारी – श्री गौतम**

**भारतीय प्रशासनिक सेवा (मध्यप्रदेश संवर्ग) 2021 बैच के परिविक्षाधीन अधिकारियों ने विधानसभा भ्रमण कर विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम से की सौजन्य भेंट**

भोपाल दिनांक 5 नवंबर 2022। भारतीय प्रशासनिक सेवा ( मध्य प्रदेश संवर्ग) 2021 बैच के परिविक्षाधीन अधिकारियों ने शनिवार को मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण कर विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम से सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया । इस अवसर पर विधानसभा के सचिव श्री शिशिर कांत चौबे, प्रशासन अकादमी की संचालक श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर तथा संकाय सदस्य श्री प्रमोद चतुर्वेदी के साथ ही विधानसभा एवं प्रशासन अकादमी के अधिकारी गण उपस्थित थे।

श्री गौतम ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी मेहनत से आपका स्वाभिमानी होना अच्छी बात है लेकिन एक बात हमेशा का ध्यान रखना कि अपने स्वाभिमान को अहंकार में कभी मत बदलने देना। यह बात हमें हमारे अग्रजों ने समझाई है।

श्री गौतम ने कहा कि मैं आपको कोई प्रबोधन या प्रवचन नहीं देने जा रहा हूं। ऐसा मत मानकर चलिए कि मैं विधानसभा का अध्यक्ष हूं, इसलिए समझाइश देने जा रहा हूं। आपने अपनी मेहनत और ज्ञान से आईएएस का पद प्राप्त किया है। अब आपके दायित्व बढ़ गए हैं। यहीं से अब आपके ज्ञान, कौशल और निर्णय क्षामता की असली परीक्षा प्रारंभ होने जा रही है। श्री गौतम ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पूरे सेवाकाल में सरकार आप को बड़ी जिम्मेदारी सौंपेगी, आपको आगे बड़े पदों पर जाना है। अभी डिप्टी कलेक्टर हो आगे कलेक्टर बनोगे आप को कानून का पालन करते हुए समाज के दायित्वों को पूरा करना है यह आपकी जिम्मेदारी है। जो कानून बने हुए हैं उनके हिसाब से आपको आम जनता के हित के लिए कार्य करना है।

श्री गौतम ने पूर्व आइ ए एस श्री बुच के द्वारा जनहित में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों का का जिक्र करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि आपको बतौर बुच जैसा प्रशासनिक अधिकारी बनना है और यह आपके हाथ में है कि समाज में आप एक अच्छा उदाहरण पेश कर सकें ।

श्री गौतम ने कहा कि जनता के कल्याण में अपने दायित्वों का निर्वहन करो । हम सबको मिलकर देश और प्रदेश की प्रगति और हित में कार्य करना है कि जनता का कल्याण हो गरीब को राहत मिले और आम जनता को शासन की सुविधाएं मिलें। अंत में श्री गौतम ने कहा कि आप यहां से जाएं तो एक संकल्प लेकर जाएं कि आप अपने स्वाभिमान को अहंकार में कभी परिवर्तित नहीं होने देंगे।

परिविक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में श्री सज्जन वर्मा, सहायक कलेक्टर नीमच, श्री अरविंद कुमार शाह, सहायक कलेक्टर शिवपुरी, श्री शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर धार,सुश्री अर्चना कुमारी, सहायक कलेक्टर विदिशा, श्री दिव्यांशु चौधरी, सहायक कलेक्टर बेतूल, श्री अर्थ जैन सहायक कलेक्टर मंडला, एवं टी प्रतीक राव सहायक कलेक्टर देवास उपस्थित थे।

विस/जसं/22

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव